प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 24.05.2026 (सुबह – 0830 बजे)
मुख्य समाचार

1. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज नयी दिल्ली में आयोजित जनजाति सांस्कृतिक समागम को करेंगे संबोधित, झारखंड समेत देशभर से डेढ़ लाख से अधिक आदिवासी हिस्सा लेंगे।
2. वन मैन फैक्ट फाइंडिंग कमीशन ने स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2016 से जुड़े नियुक्ति के आंकड़ों में अंतर पर राज्य सरकार से मांगा जवाब।
3. राज्य सरकार ने 36 आईएएस अधिकारियों का किया तबादला, तीन जिलों के डीसी बदले, राज्य प्रशासनिक सेवा के दर्जनों पदाधिकारियों का भी हुआ स्थानांतरण।
4. झारखंड के कई जिले हीट वेव की चपेट में, रांची में आज से तापमान में और वृद्धि के संकेत, अगले चार–पांच दिन बाद राहत मिलने की उम्मीद।
5. राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन कप प्रतियोगिता के दूसरे दिन फाइनल में गुरिंदरवीर सिंह ने दस दशमलव शून्य नौ सेकंड में दौड़ पूरी कर बनाया नेशनल रिकॉर्ड।

****

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लाल किला मैदान में आज आयोजित होने वाले **जनजाति सांस्कृतिक समागम** में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसमें कार्यक्रम में देशभर से एक लाख पचास हजार से अधिक आदिवासी हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन दिल्ली पहुंच चुके हैं। चंपाई सोरेन ने रवाना होने से पहले रांची एयरपोर्ट में कहा कि यह कार्यक्रम एतिहासिक होगा, जिसमें देश भर के लाखों आदिवासी शामिल होंगे।

****

स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2016 से जुड़े नियुक्ति विवाद की सुनवाई के दौरान वन मैन फैक्ट फाइंडिंग कमीशन ने आंकड़ों में अंतर पाये जाने पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। जस्टिस गौतम कुमार चौधरी ने सरकार से स्पष्ट जवाब देने को कहा कि नियुक्त अभ्यर्थियों की संख्या को लेकर अलग–अलग शपथ पत्रों में भिन्नता क्यों है।

****

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कल धनबाद में आयोजित रोजगार मेले में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश की महिलाएं अवसर और सुरक्षित माहौल मिलने से निरंतर आगे बढ़ रही हैं।

****

राज्य सरकार ने 36 आईएएस अधिकारियों का तबादला किया है। पशुपतिनाथ मिश्र को गढ़वा का उपायुक्त बनाया गया है, जबकि सौरभ कुमार भुवानिया को देवघर का डीसी और जावेद हुसैन को खूंटी का उपायुक्त नियुक्त किया गया है। सरकार ने पदस्थापन की प्रतीक्षा कर रहे 12 आईएएस अधिकारियों को भी नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। छवि रंजन को खेलकूद विभाग का निदेशक बनाया गया है। इसके साथ ही राज्य सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा के दर्जनों अधिकारियों का भी तबादला किया है। वहीं राज्य पुलिस सेवा के 12 अधिकारियों को भी स्थानांतरित किया गया है।

****

खान सुरक्षा महानिदेशालय में देशभर में उप महानिदेशक, निदेशक और उप निदेशक स्तर के 55 से अधिक अधिकारियों का तबादला किया गया है। डीडीजी रविंद्र तुलसीदास मंदेकर को सेंट्रल जोन धनबाद का नया डीडीजी नियुक्त किया गया है। निदेशक श्याम मिश्रा को कोडरमा भेजा गया है, जबकि नागेश्वर राव हैदराबाद से धनबाद आएंगे। वहीं उप निदेशक स्तर पर भी बड़े बदलाव किए गए हैं।

****

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की कीमतों में बढ़ोतरी को अंतरराष्ट्रीय जगत में उत्पन्न संकट को लेकर उठाया गया कदम बताया है। उन्होंने कहा कि मध्य–पूर्व के तनावपूर्ण हालात का असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है, इसके बावजूद भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतें अन्य देशों की तुलना में कम हैं।

****

झारखंड में जेटेट भाषा विवाद गहराता जा रहा है। मंत्री राधाकृष्ण किशोर, दीपिका पांडेय सिंह, संजय प्रसाद यादव जेटेट नियमावली में भोजपुरी, मगही, अंगिका, मैथिली को शामिल करने की वकालत कर रहे हैं तो झामुमो इसके पक्ष में नहीं है।

****

झारखंड के कई जिले हीट वेव की चपेट में हैं। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिनों में तापमान में और वृद्धि होगी। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा कि अगले चार–पांच दिन बाद तापमान में कमी आने की उम्मीद है।

इधर आज राज्य के उत्तर–पूर्वी और निकटवर्ती मध्य में तेज हवा, मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ छिटपुट बारिश का भी अनुमान है।

****

रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम में राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन कप प्रतियोगिता में कल खेले गए फाइनल में गुरिंदरवीर सिंह ने दस दशमलव शून्य नौ सेकंड का नया नेशनल रिकॉर्ड बनाया। पेश है खेल रिपोर्ट–

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने देशभर में पेट्रोल–डीजल की कीमतों में बढ़ोत्तरी को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

इसके अलावा...

प्रभात खबर ने झारखंड में पड़ रही भीषण गर्मी में सीएम हेमंत सोरेन के दिशा निर्देश से जुड़ी खबर को पहले पेज पर प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– मोदी से मिले रूबियो, अमेरिका आने का दिया न्योता।

दैनिक भास्कर की खबर है– ट्रेजरी घोटाले की 4 एजेंसी कर रही जांच, अबतक किसी ने नहीं दी रिपोर्ट।

दैनिक जागरण ने राज्य में आईएएस अधिकारियों के तबादले की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

*********समाप्त****************